हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 जिले में मानसून की बेरुखी: इस साल पानी को लेकर बड़ा संकट



10 नवागत एसडीएम कार्यों को लेकर सख्त, लापरवाही बर्दाश्त नहीं ...



हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 के अंतिम दिन को नागरिकों ने खूब पंसद किया। कलाकारा शुभांगी अत्रे की अपने बीच मौजूदगी पाकर लोगों ने करतल ध्वनि और जोरदार आवाजों से स्वागत किया।

हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 : शानदार प्रस्तुति और नागरिकों के उत्साह के साथ हुआ विश्राम

इटारसी में आना मेरे लिए अविस्मरणीय पलः शुभांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हजारों की भीड़, अदाकारा शुभांगी अत्रे की मौजूदगी हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 की एतिहासिक सफलता की साक्षी बनी। गरबे के अंतिम दिन आयोजन स्थल उत्साह और उमंग से सरोबार नजर आया। हजारों प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य के साथ माता की आराधना की। शहर में हरिभूमि के गरबा को लेकर खासा उल्लास नजर आ रहा है।भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे को देखने उनके प्रशंसकों की भीड़ लगी रही। सारा समां भक्तिमय हो गया। गरबे का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। ज्ञातव्य हो कि हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 ने इस वर्ष एतिहासिक सफलता अर्जित की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को लोगों ने सराहा।



'गरबा भक्ति का एक स्वरूप है':शुभांगी

गरबा नृत्य मां शक्ति की उपासना का एक तरीका है। जिस तरत भगवान शिव से तांडव नृत्य, भगवान श्री कृष्ण से रास जुड़ा है वैसे ही मां भगवती से गरबा महत्व रखता है। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 का मुख्य अतिथि बनने का अवसर मिला जो मेरे लिए गौरवांवित करने वाला है। इस तरह के आयोजन क्षेत्र के लिए यादगार होंगे। सभी लोग मां की अनुकंपा पाये इस आशा के साथ गरबा करें।
शुभांगी अत्रे, अदाकारा एवं मुख्य अतिथि

अतिथियों ने किया कन्या पूजन



मां की आराधना से शुरू हुआ गरबा



अतिथियों ने किया शुभांगी अत्रे का स्वागत



गरबा प्रेमियों ने जमकर किया नृत्य



द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में अनुभूति गरबा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि भाभी जी घर पर हैं कि अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कलाकारा शुभांगी अत्रे का का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान आयोजक भूपेन्द्र विश्वकर्मा, ईशान अग्रवाल, रौनक सिंघल, विवेक चांडक, पूर्व नपाध्यक्ष रवि जायसवाल, रमेश साहू, लखन बैस आदि लोगों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रमेश साहू ने किया।

हरिभूमि प्रस्तुत अनुभूति कार्यक्रम को लेकर नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। अंतिम दिन गरबा स्थल पर गरबा प्रेमियों की भीड़ में खासा उछाल आया। पूरा गरबा स्थल प्रतिभागियों की भीड़ से खचाखच भर गया। गरबा समूह आयोजन स्थल पर अपने-अपने समूहों के साथ एक जगह पर गरबे का मनोरंजन लेते नजर आए। पूरा आयोजन स्थल महिलाओं और पुरूषों के परिधानों की वजह से सतरंगी नजर आया।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियां

उमड़ी गरबा प्रेमियों की भीड़ उत्साह से किया गरबा
संगीत की धुन और गुजराती व पारंपरिक गरबा गीतों की गूंज के साथ पूरा पंडाल उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। हाथों में डांडिया लिए और पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। डीजे और पारंपरिक धुनों के तालमेल ने ऐसा समां बांधा कि हर कोई झूमने को मजबूर हो गया।

गरबा स्थल पर संभाले रखी सुरक्षा व्यवस्था
गरबा स्थल पर तैनात महिला और पुरूष बाउंसरों ने सुरक्षा व्यवस्था को बखूबी संभाला साथ ही परिवार सहित आने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की कसौटी पर आयोजकों ने संपूर्ण गरबा स्थल को भव्यता प्रदान की। इस दौरान अनुभूति गरबे आयोजन की टीम भी लगातार व्यवस्था बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका
आयोजन स्थल पर पुलिस प्रशासन द्वारा भी सक्रिय भूमिका निभाई गई। जगह जगह बल की तैनाती भी लोगों को सुरक्षा का अहसास कराती रही। लगातार समझाईश देते हुए पुलिस अधिकारियों ने गरबा प्रेमियों को शांति और साहार्द बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं लगातार मंच से भी व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास किये गये।

हरिभूमि गरबे में

जमकर किया गरबा



पपेट बने आकर्षण का केंद्र
हरिभूमि गरबे का आकर्षण पपेट रहे जिन्होंने बच्चों को अपनी ओर आकर्षित किया। अधिकांश समय बच्चे पपेट को घेरे नजर आए। मंच पर बच्चे घेरे नजर आए।

रंगीन परिधान में सजे बच्चे



बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति
हरिभूमि फैमिली गरबे में नन्हें बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान रंग बिरंगी परिधान में बच्चे गरबा करते नजर आए। इस दौरान बच्ची लावण्या वर्मा आकर्षण परिधान में रहीं।

किया पुरस्कृत



बांटे पुरस्कार किया प्रोत्साहित
अतिथि ने गरबे में उत्कृष्ट प्रदशन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज चौरे, विकास नारोलिया आदि मौजूद रहे।

बिखरे उत्साह के रंग



गरबा स्थल पर गरबा प्रेमियों ने आकर्षक परिधानों में उत्साह से नृत्य किया। इस दौरान चारों ओर गरबा नृत्य के रंग बिखरे।

उत्सव और उमंग के साथ हुआ मंचन

बोले गरबा प्रेमी...



यादगार रहा यह आयोजन
यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक यादगार आयोजन रहा। तीनों दिन अपने नए रूप ने बांधे रखा। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के लोगों को एक आत्मीय जुड़ाव मिलता है। यह आयोजन बेहद सराहनीय है।

हुआ अतिथियों का स्वागत



शानदार रहा संचालन



प्रस्तुतिकरण से बांधे रखा
मंच संचालन की बेजोड़ कला से सलोनी झा ने गरबा प्रेमियों को अपने से बांधे रखा। अपने अनूठे अंदाज से गरबा प्रेमी भी सलोनी झा के साथ ताल से ताल मिलाकर गरबा करते नजर आए। इस दौरान झा भी जमकर गरबा करती नजर आईं।

मंच किया साझा



हरिभूमि गरबे के मंच को अतिथियों ने किया साझा
गरबा प्रारंभ होते ही अतिथियों ने भी गरबे का जमकर लुत्फ लिया। इस दौरान मंच पर बैठे लोगों ने गरबा कर रहे लोगों का जोरदार नारों से स्वागत और प्रोत्सहित किया। वहीं संगीत की धुन पर अतिथि भी थिरकते नजर आए।

कॉलोनी में सड़क पर फैला रेत का ढेर, रास्ता घेरा

नवरात्रि में मंदिर जाने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही परेशानी, रहवासियों ने कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय मालाखेड़ी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी के गेट नंबर-1 पर सड़क किनारे रेत का ढेर लगाने तथा जेसीबी मशीन, डंपर और अन्य वाहन खड़े किए जाने से रहवासियों और मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में दर्शन करने जाने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रास्ते से निकलने में दिक्कत हो रही है। रहवासियों के अनुसार सड़क पर रेत का ढेर और भारी मशीनें खड़ी



होने से रास्ता बाधित हो रहा है। वहीं, मकान में रहने वाले मजदूरों द्वारा खाने-पीने का सामान सड़क पर फेंके जाने से भी लोगों को परेशानी हो रही है। सुबह भगवान को जल चढ़ाने मंदिर जाने वाली महिलाओं को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। नवरात्रि के दौरान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। ऐसे में मंदिर के रास्ते पर रेत, भारी मशीनों और वाहनों का जमावड़ा श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ा रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन, कलेक्टर, तहसीलदार और नगर पालिका से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि सड़क पर रखी सामग्री और खड़े वाहनों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। प्रशासन मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करे और रास्ते से अवरोध हटवाकर श्रद्धालुओं तथा कॉलोनीवासियों को राहत दिलाए। अब देखना यह है कि नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की परेशानी दूर करने के लिए प्रशासन कब तक कार्रवाई करता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत हुआ सेमिनार

नर्मदापुरम। विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत ग्राम रायपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को तनाव, एग्जाम की चिंता, नशे की लत, गेमिंग डिसऑर्डर , सिज़ोफ्रेनिया, सीज़र डिसऑर्डर एवं बच्चों में होने वाले विकासात्मक विकारों के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बी.पी. पठारिया एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सोयाबीन एवं सरसों तेल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के जांच के लिए 8 नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

त्योहारों के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने इटारसी में तेल निर्माता, विक्रेताओं एवं किराना व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संदेह के आधार पर सोयाबीन एवं सरसों तेल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 8 नमूने जांच के लिए



लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कमलेश एस. दियावार एवं श्री बी.एस. धाकड़ ने निरीक्षण के दौरान मेहमान सोयाबीन तेल, गंगाधारा सोयाबीन तेल, शुभ मंगल सोयाबीन तेल एवं सरसों तेल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तावित किए जाएंगे।

वाइस आर्टिस्ट गुप्ता का शॉल श्रीफल से किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मालाखेड़ी स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रिवर व्यू कल्चरल फाउंडेशन सोसायटी द्वारा आयोजित इस समारोह में देश-विदेश में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके प्रसिद्ध वॉइस आर्टिस्ट एवं जूनियर एफएम कलाकार प्रकाश गुप्ता को शाल, श्रीफल और भगवान रामलला की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री गुप्ता ने अपनी अनूठी आवाज और मिमिक्री के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने कई दिग्गज पार्श्व गायकों की आवाज की नकल करने के साथ-साथ लोकप्रिय धारावाहिक 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सहित विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुति दी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने मनोरंजक अंदाज और विभिन्न आवाजों की प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रसूलिया में बड़ी माई उत्सव समिति की अनूठी पहल

सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन प्रसादी की व्यवस्था, सनातन संस्कृति से लोगों को जोड़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के रसूलिया स्थित धाकड़ मेडिकल पर बड़ी माई उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिदिन प्रसादी वितरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आस्था और सेवा भाव से जुड़े इस आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। वहीं, नर्मदापुरम सहित आसपास के क्षेत्रों के प्रसिद्ध भजन (जस) मंडलों द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। आयोजन में माताओं, बहनों और धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिल रही है।

समिति द्वारा बताया गया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देना तथा युवाओं को धर्म एवं आध्यात्मिक आयोजनों से जोड़ना है। समिति का मानना है कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कार, सेवा भाव और सांस्कृतिक



मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन के अंतर्गत अब तक सरस्वती जस मंडल सामोन, सोनतलाई जस मंडल सोनतलाई, शिव रामायण मंडल बुदनी, ठाकुर भजन मंडल हिगनासिर और ठाकुर भजन मंडल ढाबा कलां द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जा चुकी हैं। वहीं, आगामी दिनों में शर्मा भजन मंडल मकोड़िया, महाकाल जस मंडल जहानपुर और श्री कृष्ण सुदर्शन मंडल काजलखेड़ी द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाना शेष है। इन मंडलों की प्रस्तुतियों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। बड़ी माई उत्सव समिति द्वारा धार्मिक आयोजन के साथ सेवा कार्य भी किए जा रहे हैं। सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन चाय, पानी और प्रसादी वितरण की व्यवस्था की जाती है।

सलकनपुर धाम मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवरात्रि और दशहरा पर्व पर पैदल यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत एकपक्षीय प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले के नगरीय क्षेत्रों और सलकनपुर धाम जिला सीहोर जाने वाले मार्ग पर 20 अक्टूबर तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने बताया कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हैं और मुख्य मार्गों से तेज रफ्तार भारी वाहनों के गुजरने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसे



न्यूसेंस मानते हुए लोकहित और शांति व्यवस्था के लिए यह आदेश जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जारी किया गया है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट, शासकीय वाहन, नगरपालिका के अग्निशमन यंत्र, वाटर टैंकर और एम्बुलेंस आदि इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

बैतूल में सड़क पार करता दिखा तेंदुआ



बैतूल। जिले के पश्चिम वन मंडल के भीमपुर ब्लॉक में नांदा से भीमपुर के बीच सडक़ पार करता तेंदुआ दिखाई दिया। एक सरकारी कर्मचारी ने तेंदुए को सडक़ पार करते देखा और उसका वीडियो बना लिया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सरकारी कर्मचारी अपनी पंचायत से भीमपुर आ रहे थे। इसी दौरान भूरापानी डोल जोड़ के पास डोल की तरफ से एक तेंदुआ सडक़ पार करता नजर आया। कर्मचारी ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। चिचोली रेंजर शैलेन्द्र चौरसिया ने बताया कि दो दिन से नांदा के पास तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिल रही है। इस क्षेत्र में पहले भी तेंदुए की मौजूदगी देखी गई है। वन विभाग के कर्मचारियों को वाहन से क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क कर रहा है। लोगों को जंगल या सडक़ के आसपास तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब नहीं जाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा संपर्क अभियान के तहत 17 अक्टूबर को भोगितेड़ा में शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल ग्रामीण के सहायक प्रबंधक ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक-3 भोगितेड़ा पंचायत के ग्रामीणों की विद्युत संबंधि समस्याओं का निराकरण किया जाएगा उन्होंने सभी ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

चिचोली क्षेत्र में कोयला के अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रक को किया जब्त



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के चिचोली क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा चिचोली क्षेत्रांतर्गत खनिज कोयला लगभग 19 टन के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 0313 को खनिज नियमों का उल्लंघन किए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना गंज बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।

सूखाग्रस्त घोषित हो सकते हैं जिले के ब्लॉक

जिले में मानसून की बेरुखी: इस साल पानी को लेकर बड़ा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में मानसून की बेरुखी ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। जिले में 30 सितंबर तक औसतन 721.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यह बीते साल की तुलना में करीब 27 प्रतिशत कम है। यहीं वजह है कि अल्प वर्षा के चलते जिले के दस में से सात ब्लॉक सुखाग्रस्त होने की कगार पर हैं। यदि ब्लॉकवार देखा जाए तो जिले के आठनेर, आमला, बैतूल, प्रभातपठन, भैंसदेही, शाहपुर और मुलताई ब्लॉक में बारिश का आंकड़ा औसत बारिश से 70 प्रतिशत और उससे भी कम है। यदि सरकार संपूर्ण जिले या चिन्हित विकासखंड को सूखाग्रस्त घोषित करती है तो कम बारिश से भू-जल स्तर नीचे पहुंचने पर ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। पानी के दुरुपयोग पर रोक लगाकर पेयजल को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जाएगी। पेयजल की दिक्कत होने पर टैंकरों से पेयजल सप्लाई की जाएगी। किसानों की फसलों की गिरदावरी कर फसलों के नुकसान का आंकलन किया जाएगा। इसके साथ ही अगली बार ऐसे हालात से बचने ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण, गहरीकरण, चैकडेम, स्टॉपडेम, बोरी बंधान जैसे काम शुरू करवा सकती है। संभावना है कि जिले में अल्पवर्षा के चलते सूखाग्रस्त घोषित हो सकता है।



इस प्रकार होगा सूखाग्रस्त घोषित

आमतौर पर सिर्फ अल्प वर्षा होने पर जिले को सूखाग्रस्त घोषित नहीं किया जाता है। सूखाग्रस्त घोषित होने के लिए औसत बारिश से 26 प्रतिशत कम बारिश होने के साथ ही फसलों की बोवनी का क्षेत्रफल, फसल की स्थिति, मिट्टी में नमी, भू-जल स्तर और जलाशयों में पानी की उपलब्धता जैसे संकेतकों का भी आंकलन किया जाता है। इसके बाद प्रशासन, कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे और ग्राउंड वैरिफिकेशन करवाया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा इन आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाती है। शासन स्तर पर सभी संकतकों और रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद सूखा घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। इसके बाद प्रशासन द्वारा प्रभावित जिले तहसील या विकासखंड स्तर पर सूखाग्रस्त घोषित करने की प्रक्रिया की जाती है। आमतौर पर खरीफ फसलों के लिए 31 अक्टूबर तक सूखाग्रस्त घोषित करने की प्रक्रिया की जाती है।

जिले में बारिश की स्थिति

ब्लाक	बारिश
बैतूल	25.92 इंच
घोड़ाडोंगरी	35.74 इंच
चिचोली	38.09 इंच
शाहपुर	29.20 इंच
मुलताई	29.98 इंच
प्रभातपट्टन	26.67 इंच
आमला	24.08 इंच
भैंसदेही	28.04 इंच
आठनेर	16.42 इंच
भीमपुर	34.96 इंच
कुल	28.87 इंच

पिछले साल की तुलना में 27 प्रतिशत कम बारिश

30 सितंबर तक जिले में औसत 721.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक 989.8 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह इस साल करीब 267.9 मिमी यानी 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। कम बारिश के साथ नदी-नालों और जलस्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रबी फसलों की सिंचाई का संकट बढऩे की स्थिति है। यंहा उल्लेखनीय है कि इस साल जिले के किसी भी ब्लाक में सामान्य औसत बारिश तक पहुंचना तो दूर, 40 इंच भी बारिश किसी ब्लाक में नहीं हुई है। सिर्फ चिचोली ब्लाक में 38.10 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी में 35 इंच, मुलताई ब्लाक में 30 इंच, आठनेर में 16.40 इंच बारिश हुई है। जिला मुख्यालय बैतूल में लगभग 26 इंच बारिश दर्ज की गई। बाकी अन्य ब्लाकों में भी 24 से 29 इंच के बीच वर्षा हुई है। वैसे मानसून सीजन 15 जून से 15 अक्टूबर तक माना जाता है, लेकिन मौसम के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लग रहा है कि आगामी दिनों बारिश की कोई संभावना है।

200 में से सिर्फ 41 जलाशय शत प्रतिशत भरे

जल संसाधन विभाग के अनुसार अल्प वर्षा के कारण इस साल जिले में 43 जलाशय 81 से 100 प्रतिशत भरे हैं। इन जलाशयों से किसानों को पलेवा और दो पानी दिए जाने की संभावना है। वहीं 127 जलाशयों में 0 से 50 प्रतिशत, 23 जलाशयों में 51 से 78 प्रतिशत तथा 7 जलाशयों 71 से 80 प्रतिशत तक जलभराव बताया गया है। इससे स्पष्ट है कि बड़ी में संख्या में जलाशयों में सिंचाई हेतु सीमित पानी ही उपलब्ध है। जलाशयों में उपलब्ध पानी में से पेयजल के लिए भी आरक्षण किया गया है। लाखापुर जलाशय से बैतूल शहर के पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखा गया है। वहीं बाकुड़ जलाशय से आठनेर नगरपालिका के पेयजल के लिए 1.20 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित है। इसके बाद उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई के लिए जल दिया जाएगा।

शिक्षा अधिकारी ने लिया जायजा

कन्या छात्रावास भौंरा का निरीक्षण मोटर लगवाने की गई मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप गीते ने शुक्रवार को शासकीय सीनियर कन्या छात्रावास भौंरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं, भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता, साफ-सफाई और दैनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर उनकी पढ़ाई, रहन-सहन और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने रसोई और भोजन व्यवस्था का जायजा लेते हुए नाश्ते एवं भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही छात्रावास परिसर में स्वच्छता और व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गीते ने बताया कि निरीक्षण में कोई कमी नहीं पाई गई। छात्राओं को नियमित रूप से नाश्ता और भोजन दिया जा रहा है तथा साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक मिली। निरीक्षण के दौरान छात्राओं और छात्रावास अधीक्षिका गायत्री बरगले ने पानी की समस्या से बीईओ को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छात्रावास में नल-जल योजना के माध्यम से पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पानी का उपयोग करने में मोटर की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी आती है। इस समस्या के समाधान के लिए छात्राओं ने छात्रावास में मोटर लगवाने की मांग रखी। बीईओ दिलीप गीते ने समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने और समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही।

विजयदशमी पर निकलेगा भव्य पथ संचलन

बैतूल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बैतूल द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार विजयदशमी उत्सव पर शिवाजी बस्ती का पथ संचलन 20 अक्टूबर, मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। पथ संचलन की शुरुआत न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड से होगी। इसमें शामिल होने के लिए समस्त स्वयंसेवक बंधुओं से सुबह 8:30 बजे पूर्ण गणवेश में मैदान पर पहुंचने की अपील की गई है। शिवाजी बस्ती विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत आयोजित पथ संचलन शहर के चार वार्डों से होकर गुजरेगा। इसमें देशबंधु वार्ड, मोती वार्ड, गांधी वार्ड और दुर्गा वार्ड सहित संबंधित क्षेत्रों में भ्रमण किया जाएगा। निर्धारित मार्ग से गुजरने के बाद पथ संचलन का समापन न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड पर होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बैतूल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक बंधुओं से समय पर पहुंचकर पूर्ण गणवेश में सहभागिता करने का आग्रह किया गया है। विजयदशमी उत्सव के अवसर पर होने वाले इस पथ संचलन के लिए स्वयंसेवकों से निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

मंदिर में हुआ राम-सीता विवाह उत्सव

धूमधाम से निकली श्रीराम बारात, झांकियों ने मनमोहा



बैतूल। बैतूल गंज में श्रीराम बारात धूमधाम से निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज, रंगीन आतिशबाजी, आकर्षक झांकियों और डांडिया करते समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा को भव्य बना दिया। सजे-धजे रथ में विराजे प्रभु श्रीराम की बारात का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

69वें रामलीला व दशहरा उत्सव के तहत निकली बारात के दौरान बैतूल गंज का माहौल जनकपुरी जैसा नजर आया। श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति बैतूल की ओर से आयोजित 12 दिवसीय महोत्सव की छठवीं शाम गुरुवार रात 8 बजे श्री कृष्ण मंदिर से बारात की शुरुआत हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पेट्रोल पंप के पास स्थित माता मंदिर पहुंची। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बारात देखने के लिए जुटे। गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच पूरे मार्ग पर उत्सव का माहौल रहा। माता मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ प्रभु श्रीराम और माता सीता का विवाहोत्सव कराया गया। इसके बाद रात 9 बजे रामलीला मैदान में रीवा के प्रसिद्ध श्री गणेश रामलीला मंडल, मऊगंज के कलाकारों ने श्रीराम विवाह जुलूस और राम कलेवा प्रसंग का मंचन किया। जनकपुर की नारियों के परिहास, समधी मिलन और राम कलेवा के दृश्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। 69 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा के आयोजन में पंजाब युवा सेवा समिति और श्री कृष्ण पंजाबी महिला कीर्तन मंडल, बैतूल का भी सहयोग मिल रहा है।

पोषण आहार के प्रति किया जागरूक

विश्व खाद्य दिवस पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को आहार एवं पोषण के प्रति जागरूक करना था। इसमें विद्यार्थियों ने संतुलित आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा रागिनी खंडाइत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की कांति पंद्राम ने द्वितीय तथा पल्लवी चौरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार दवंडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खानपान और अपनी जीवनशैली के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। आज के समय में मोटापा विकराल रूप ले रहा है, अतः आवश्यक है कि हम शरीर की आवश्यकता के अनुसार ही कैलोरी लें। यह प्रतियोगिता गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती संगीता बामने के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

रामलीला के पांचवें दिन मार्मिक मंचन

राम-भरत मिलाप के मंचन ने लोगों को किया भावुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

नगर में चल रही रामलीला के पांचवें दिन सबसे मार्मिक प्रसंग राम-भरत मिलाप का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। साथ ही शूर्पणखा प्रसंग का भी मंचन हुआ। मंचन के अनुसार ननिहाल से लौटे भरत का स्वागत करने के लिए माता कैकई आरती लेकर खड़ी हैं। आरती का कारण जानने पर भरत क्रोधित हो जाते हैं और कहते हैं कि तुम्हारे कारण पिताजी समान पिता दशरथ ने प्राण त्याग दिए, तुमने कुल का नाश कर दिया। आरती को ठुकराते हुए भरत कहते हैं कि आज से तुम मेरी माता नहीं हो, मैं तुम्हारे भवन में कभी नहीं आऊंगा और तुम्हारा त्याग करता हूं। इसके बाद भरत माता कौशल्या और सुमित्रा से मिलकर प्रभु श्रीराम को वापस लाने के लिए सेना सहित वन की ओर प्रस्थान करते हैं। मार्ग में निषाद राज मिलते हैं जो श्रीराम की खबर देते हैं। चित्रकूट में भरत आंखों में आंसू लिए श्रीराम से मिलते हैं और अपनी सारी व्यथा सुनाते हैं। भरत कहते हैं - भैया, राम बिन कठिन है एक घड़ी बिताना, यह आपका राजपाट है, आप संभालो,



मुझे कुछ नहीं चाहिए। भरत ने कभी राजसिंहासन को अपना अधिकार नहीं माना। वे कहते हैं भैया आप करुणा से भरे हैं, इसलिए आप करुणानिधि हैं, मेरे साथ न्याय कीजिए और वापस अयोध्या चलिए। श्रीराम भरत को समझाते हैं कि ऐसा करने से पिताजी के वचन और कीर्ति की मर्यादा समाप्त हो जाएगी। अंत में भरत श्रीराम की चरण पादुका मांगकर सिर पर रख लेते हैं। राम भक्त ले चला रे राम की निशानी के जयघोष के साथ भरत अयोध्या लौट आते हैं और चरण पादुकाओं को राजसिंहासन पर रखकर राजकाज चलाते हैं। यही प्रसंग सिखाता है कि धर्म का केवल एक ही प्रमाण है - भरत। भरत केवल अपना कर्तव्य निभा रहा है, यही धर्म की पराकाष्ठा है। भगवान स्वयं कष्ट सह सकते हैं, लेकिन जो उन्हें प्रेम करता है, उसका कष्ट नहीं सह पाते - यही भगवान का प्रेम है। इसके आगे पंचवटी प्रसंग में राम, लक्ष्मण, सीता के सौंदर्य पर रावण की बहन शूर्पणखा मोहित होकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। राम-लक्ष्मण के मना करने पर वह रूप बदल-बदलकर रिझाने का प्रयास करती है और अंत में सीता को मारने का प्रयास करती है, तब लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। वह रोती-बिलखती रावण के पास जाती है। रामलीला में भरत का मार्मिक अभिनय गौरव राठौर ने और शूर्पणखा का अभिनय मंच के जाने-माने कलाकार सुरेश चौहान ने किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

In The Court Of IV Civil Judge Class I, District Court Betul, Presiding Officer : राजकुमार भद्रसेन

संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC R/403/2025)

सोनम लोधी बनाम विवेक यादव
पेशी दिनाँक 19.11.2026

प्रति,
मनीषा यादव पुत्री श्री विद्याधर यादव निवासी बड़ा नागदेव मंदिर के पास, गोण्डी मोहल्ला, मालवीय वार्ड, खंजनपुर, बैतूल, मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी **सोनम लोधी** ने आपके विरुद्ध विविध आपराधिक प्रकरण अंतर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश : राजकुमार भद्रसेन
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला बैतूल (म.प्र.)

लापरवाही पर देसली सचिव निलंबित, गुरुवा पिपरिया सचिव का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश

वन अधिकार दावों का पुनः परीक्षण कर हितग्राहियों को पट्टे दिलाने के निर्देश

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भीमपुर में आयोजित जनविश्वास शिविर में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड भीमपुर में आयोजित जनविश्वास शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की गई। शिविर में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, डीएफओ लक्ष्मीकांत वासनिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शुक्रवार को क्लस्टर स्तर पर जनविश्वास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन अधिकार दावों सहित सिंचाई, सडक़, आवास एवं पेयजल से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



उद्यमी संवाद में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी ली

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने उद्यमी संवाद के दौरान स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय उद्यमियों से संवाद कर उनकी गतिविधियों, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने आजीविका ट्रेनिंग भवन की मांग का समाधान करने के निर्देश दिए। मुर्गी शेड के लिए विद्युत व्यवस्था से संबंधित समस्या का निराकरण करने तथा स्व-सहायता समूहों की मांग पर वर्क शेड प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 8 करोड़ रुपये लागत का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे करीब 1500 परिवारों को लाभान्वित किया जा सकेगा। उद्यमी श्री ब्रजेश इरपाचे एवं श्री प्रतीक शिवहरे ने अपने उद्योगों के विस्तार एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।

वन अधिकार दावों का मिशन मोड में निराकरण

शिविर में भीमपुर विकासखंड से प्राप्त वन अधिकार दावों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने दावों का पात्रता एवं अपात्रता के आधार पर पुनः परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टे मिलना सुनिश्चित किया जाए। ग्राम समिति, उपखंड समिति एवं जिला समिति स्तर पर लंबित दावों का मिशन मोड में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। देसली में पंचायत सचिव के लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। बरईढाना में नल-जल योजना के संचालन से संबंधित समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए। लक्कडजाम, मोहदा एवं बाशिंदा में पेयजल आपूर्ति से संबंधित आवेदनों के निराकरण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भोंदेलाखेड़ा नदी पर सडक एवं पुलिया निर्माण की मांग पर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अधिकारियों को मुख्यमंत्री मंजरा टोला योजना के तहत प्रस्ताव स्वीकृत कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। चाटूखेड़ा मार्ग के संबंध में भी पीएमजीएसवाई को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बाशिंदा स्कूल में हैंडपंप धंसने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, चिखली निवासी बाबूराव के भूमि अधिग्रहण मुआवजे तथा खाटापानी रोड, खामापुर सहित अन्य आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

गुरुवा पिपरिया में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने ग्राम पंचायत गुरुवा पिपरिया पहुंचकर ग्रामीणों से बिजली, सिंचाई, राशन एवं आंगनवाड़ी संचालन से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। पंचायत द्वारा विकास कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने सचिव का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सीईओ जनपद पंचायत एवं उपयंत्री के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। राशन दुकान के नियमित रूप से नहीं खुलने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक को दुकान संचालक को नोटिस जारी करने तथा दुकान के स्टॉक का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन के लिए भूमि चिन्हांकन की कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने ग्राम में संचालित प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्कूल को शीघ्र सांदीपनि स्कूल में स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

विद्युत पोलों से किसान न बांधें पशुः मेवाड़ा

सीहोर। पशु किसान के परिवार का सदस्य होता है और उसकी आजीविका मुख्य साधन भी होता है। जिले के उत्कृष्ट कृषक व पशुपालक थूना कला निवासी राजेश मेवाड़ा ने सभी किसान भाइयों और पशुपालकों से अपील की है कि अभी रबी फसल की तैयारी प्रारंभ हो गई है और कई बार किसान खेत में हरा चारा खिलाने के लिए पशुओं को खुला छोड़ देते हैं कोई भी किसान भाई अनजाने में या लापरवाही वश अपने मवेशियों गाय, भैंस, बैल आदि को बिजली के खंभों विद्युत पोल या उनके सपोर्ट के लिए लगे अर्थिंग के तारों से बिल्कुल न बांधें। हवा चलने के कारण बिजली के खंभों में खराबी आ जाती है। कई बार गीली मिट्टी और खंभे के आसपास जमा पानी के कारण अर्थिंग की समस्या पैदा हो जाती है, जिससे पूरे लोहे के पोल या सीमेंट के खंभों में भी करंट उतर आता है। कृषक राजेश मेवाड़ा ने बताया कि पशुओं की त्वचा संवेदनशील होती है और वे अक्सर गीली जमीन पर खड़े होते हैं, इसलिए मामूली सा करंट भी उनके लिए तुरंत जानलेवा साबित हो जाता है। लापरवाही के कारण सैकड़ों बेजुबान पशु इस तरह के हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। एक छोटी सी लापरवाही बेजुबान की जान ले लेती है, बल्कि किसान को भारी आर्थिक और मानसिक संकट में भी डाल देती है।

शक्ति की भक्ति में डूबा अंचल, देवी भक्तों की सेवा के लिए लगा रहे लंगर

17 साल से समिति सदस्य मां विजयासन धाम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की कर रहे सेवा

आसपास गांवों के ग्रामीणों सहित धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



शारदीय नवरात्र का पर्व नगर सहित संपूर्ण अंचल में पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। नगर में दर्जन भर से अधिक पांडालों में दुर्गा प्रतिमाएं विराजित कर पूजा - अर्चना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं , वहीं गांवों में भी लोग उपवास तो अखंड व्रत रखकर तो कोई पूरे नवरात्र में नंगे पैर रहकर शक्ति की भक्ति में लीन दिखाई दे रहा हैं। वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो लंगर आयोजित कर सलकनपुर स्थित मां विजयासन धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार , छाया , पानी, आराम आदि की सुविधाएं मुहैया कर एवं उनकी सेवा कर देवी की उपासना में जुटे हुए हैं।

17 साल से श्रद्धालुओं की कर रहे सेवा

मां विजयासन लंगर समिति ब्रिजिशनगर पिछले 17 वर्षों में बोरदी के समीप स्टेट हाइवे पर लंगर का आयोजन कर रही हैं। समिति के सदस्य चौबीसों घंटे मां विजासन धाम आने - जाने वाले श्रद्धालुओं को रोककर उन्हें स्वल्पाहार कराने के साथ ही छाया , पानी और आराम की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। समिति के अध्यक्ष गब्बर मेवाड़ा ने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा का पुनित कार्य पिछले 17 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन तीन हजार श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। समिति का मानना है कि हमारी संस्कृति में नर सेवा को नारायण (भगवान) की सेवा के समतुल्य माना गया है। इसी भावना को लेकर हम पूरे नवरात्र में लोगों की सेवा कर रहे हैं। इसी प्रकार नवदुर्गा उत्सव समिति नादान भी पिछले चार वर्षों से कोसमी घांट के उपर विशाल पांडाल एवं लंगर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। समिति ने बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया। नादान सहित आसपास गांवों के ग्रामीणों सहित विजयासन धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण की। समिति के राजकुमार तिवारी ने बताया कि सुबह से रात तक पूरे समय श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं आराम की व्यवस्था की गई है। देवीधाम जाने वाले पैदल यात्रियों के जत्थे के लिए रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है।



डिवाइडर के गैप में फंस रहे यात्री वाहन, हो रहे परेशान

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही हुई उजागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



लोक निर्माण विभाग ठेकेदार द्वारा 2 वर्ष पहले हुए टेंडर पर विगत 6 महीने से रोड निर्माण कार्य रहा है लेकिन अपेक्षित गति एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य नहीं हो रहा है विभाग के ठेकेदार ने पहले 3 फीट का गैप डिवाइडर के लिए छोड़ा था जिसे बाद में बंद कर दिया कहीं एक फिट गैप छोड़ दिया कहीं 2 फीट गैप छोड़ा है जहां गैप है वहां कोई संकेतक नहीं लगाए हैं जिसके कारण आने जाने वाले वाहन डिवाइडर के गैप में फंस रहे हैं और उसमे बैठे यात्री परेशान हो रहे हैं

निर्माण के दौरान ही हो रही है मरम्मत

नगर वासियों का कहना है निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है करोड़ों रुपए की लागत से बन रही सड़क की निर्माण के दौरान ही कई जगह से मरम्मत की जा रही है नागरिकों का कहना है निर्माण के दौरान मरम्मत पहली बार देख रहे हैं रोड निर्माण का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। वहीं नंगे पैर जा रहे पैदल यात्रियों को गिट्टी पर से निकलना पड़ रहा है।

इन दोनों नवरात्रि में प्रतिवर्ष पैदल श्रद्धालुओं के जाते के जाते नंगे पैर सलकनपुर वाली मैया के दर्शन करने जाते हैं इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल नंगे पैर निकल रहे हैं।

नवरात्रि गरबा महोत्सव का समापन किया विधायक ने प्रतियोगिताओं के पुरस्कार बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नवरात्रि गरबा महोत्सव समिति द्वारा नगर के देनवा गार्डन में गरबा प्रस्तुति एवं गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुवार को पुरस्कार वितरण किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि रूप में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित थे। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार तीन दिवसीय गरबा आयोजन का समापन रेलवे स्टेशन रोड स्थित देनवा गार्डन में गुरुवार रात्रि को हुआ। जिसमें दो अलग-अलग ग्रुप में हुई प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के हाथों कराया गया। जानकारी अनुसार महिलाओं के समूह में 'मां के नाम का रंग-गरबा के संग' ग्रुप को प्रथम स्थान दिया गया। द्वितीय स्थान महाकाली ग्रुप तथा तृतीय स्थान डांसिंग प्रिंसेस ग्रुप ने प्राप्त किया। चौथा स्थान गैलेक्सी ग्रुप तथा पांचवा स्थान रॉयल सिंधी ग्रुप ने प्राप्त किया। वहीं स्कूल स्तरीय गरबा प्रतियोगिता में संदीपनि विद्यालय ग्रुप को प्रथम, आदर्श स्कूल ग्रुप को द्वितीय, नर्मदांचल स्कूल ग्रुप को तृतीय, सेंट पैट्रिक्स स्कूल ग्रुप को चतुर्थ तथा गैलेक्सी स्कूल ग्रुप को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। पुरस्कार वितरण दौरान विधायक विजयपाल सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं आयोजकों को एक उत्कृष्ट आयोजन करने पर बधाई दी है।

कालीदास समारोह का किया आयोजन, पुरस्कार हुए वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विकास खण्ड स्तरीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने संभागीय कालीदास समारोह आयोजित में भाग लिया गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया गया। विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने अलग अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा को लेकर लगातार पहचान कराई गई है। चित्रकला प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में यशवनी विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य नाटिका में वेदिका कुशवाहा क्षमा पटेल कामनी अहिरवार खुशी गुर्जर इशिका वर्मा सहित समूह में ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला का आयोजन, क्षेत्र की अनेक महिलाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



महिला बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोहागपुर परियोजना की प्रभारी अधिकारी रंजना गोस्वामी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में साइबर अपराध शाखा के प्रभारी अजमेर सिंह परिहार द्वारा बालिकाओं को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों, ऑनलाइन धोखाधड़ी सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा ना करने एवं अंजान लिंक या एपीके फाइल को क्लिक करने से बचने संबंधी सलाह दी। किसी धोखाधड़ी या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में ऑनलाइन एफ आई आर दर्ज करने एवं जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी, पर्यवेक्षक बानो बी, वंदना देवहरे उपस्थित रही।

अधिवक्ता संघ कक्ष में किया विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सहित प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम् के आदेश अनुसार तथा अतुल सक्सेना प्रथम जिला सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर तहसील न्यायालय के अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में दोपहर में किया गया। जिसमें पुलिस विभाग अधिकारी, न्यायिक अ धि का री - क र्म चा री , अधिवक्तागण तथा पक्षकार उपस्थित हुए। शिविर में साइबर फ्रॉड से संबंधित जानकारी साझा की गई और उनके बचाव बताए गए। उपस्थित समस्त पक्षों ने जानकारी का लाभ लिया।

श्रीराम की खड़ाऊ लेकर वन से अयोध्या लौट भरत

श्री रामलीला में किया गया राम-केवट संवाद एवं राम-भरत मिलाप प्रसंगों का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर स्थित गांधी चौक के श्री रामलीला मंच पर श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा रामलीला मंचन प्रति रात्रि में किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार रात श्रीराम-केवट संवाद एवं श्रीराम-भरत मिलाप प्रसंगों का भावविभोर कर देने वाला मंचन किया गया।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि गुरुवार रात लगभग 9:30 बजे लीला का मंचन प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम वन में श्रीराम, जानकी एवं लक्ष्मण के साथ पहुंचे अयोध्यावासियों का राम वनवास को लेकर पीड़ा अभिव्यक्ति का अति सुंदर मंचन किया गया। इसके बाद गंगा पार कराने श्रीराम-केवट संवाद का मंचन किया गया। जिसमें केवट द्वारा प्रभु श्री राम के समक्ष शर्त रखी गई कि वे धरती पर श्रीराम से गंगा पार कराने की उतराई नहीं लेंगे। और जब भवसागर पार करने की बात आएगी तो श्रीराम श्री हरि रूप में इस उधारी को चुकाएंगे। अद्भुत एवं समर्पित भाव से किए गए मंचन ने दर्शकों के नयन अश्रुपूरित कर दिए। दिवस की लीला के अंत में श्रीराम एवं भरत मिलाप प्रसंग का मंचन किया गया। दोनों भाईयों के प्रेम पूर्वक मिलन उपरांत राजा भरत बड़े भ्राता प्रभु श्रीराम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या की ओर लौटे। उन्होंने संकल्प लिया कि श्री राम के वनवास से लौटने तक अयोध्या के राज सिंहासन पर श्रीराम की खड़ाऊ रखी रहेगी और भरत अयोध्या की सेवा करेंगे। इस दौरान अतिथि रूप में शरदोत्सव समिति संयोजक पवन सिंह चौहान, तहसील पत्रकार संघ पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा, सनफ्लावर स्कूल संचालक संदीप साहू, आशीष खंडेलवाल, राजेश सोनी आदि उपस्थित थे। पुण्य जमनी सरोवर स्थित वीर हनुमंत लाल मंदिर के परम सेवक गुलशन महाराज का भी लीला मंचन में आगमन हुआ। गुलशन महाराज ने प्रभु श्रीराम स्वरूप को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

चपलासर व आंखमऊ में हुई आयोजित किसान खेत पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

किसान कल्याण एवं कृषि विभाग जिला नर्मदा पुरम के तत्वाधान में विकासखंड माखन नगर की ग्राम पंचायत चपलासर एवं आंख मऊ में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम विशेष रूप से नरवाई प्रबंधन हेतु प्रेरणा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित हुए कार्यक्रम में नरवाई प्रबंधन के वैज्ञानिक तथ्य बताए गए कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने किसानों को फसल कटाई के बाद खेतों में अवशेष नरवाई को ना जलाने के लिए जागरूक किया वही वक्ताओं ने विस्तार से बताया।

प्रतिवर्ष नवरात्रि में मंगलवारा चौराहे पर दुर्गा मंदिर में होता आयोजन

दुर्गा मंदिर में प्रज्जवलित की मां की 108 अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र में हृदय स्थल कहे जाने वाले मंगलवारा चौराहे पर दुर्गा मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र सैंकड़ों वर्षों से एतिहासिक स्थल दुर्गा मंदिर में नगर के लोगों के द्वारा अखंड दीपक जलाकर सेवा की है। पंडित सीताराम दुबे ने बताया कि इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से नगर के विभिन्न लोगों के द्वारा अपने अपने परिवार जनों की उपस्थिति में लगातार प्रत्येक नवरात्रि पर्व पर विशेष अखंड दीपक जलाकर सेवा की जाती है।

जो लोग अपने-अपने घरों में घट ज्वारे की स्थापना नहीं कर पाते हैं। वह मंदिर में भी अपना संकल्प लेकर अपने परिवार जनों के नाम दीपक जलाकर दुर्गा पाठ घट स्थापना कराते हैं। जिसके लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है।

जो अलग अलग विधाओं से ब्राह्मण को बुलाकर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसके कारण भक्तों की मनोकामना पूर्ति हेतु लगातार प्रयास किया जा था है।इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से लगभग 108 अखंड दीपक जलाकर सेवा की जा रही है।लोग प्रतिदिन दर्शन करने के लिए आते हैं। आरती में शामिल होकर लाभ उठाते हैं।

समोन आंगनबाड़ी केंद्र पर किया महिलाओं को जागरुक



माखन नगर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह के अंतर्गत ग्राम समोन मे पीसीपीएनडीटी एक्ट के संबंध में महिलाओं को जागरूक किया गया एवं इसके दंड एवं सजा के संबंध में पर्यवेक्षक श्रीमती कमलेश वर्मा के द्वारा बताया गया स्वास्थ्य विभाग की टीम से बीसीएम सुनील परनामे संतोष सैनी एएनएम श्रीमती मीना सी एच ओ श्रीमती अन्नू उइके द्वारा जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाया गया कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कुकिंग व बेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संचालित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज कुकिंग एवं बेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री दीपाली जैन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया तथा विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने मुख्य अतिथि शेफ तनिश चुग का स्वागत करते हुए भारतीय खाद्य परंपराओं, खानपान की विविधता एवं उनके सांस्कृतिक महत्व के संबंध में जानकारी दी। मुख्य अतिथि शेफ तनिश चुग ने फूड प्रोडक्शन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने खाद्य उत्पादन की प्रक्रिया, कुकिंग एवं बेकिंग के व्यावहारिक पक्षों तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

खबर संक्षेप

आज मिडिल स्कूल पर सजेगी भजन संध्या

हरदा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री बजरंग बाबा दुर्गा उत्सव परिवार द्वारा शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मिडिल स्कूल ग्राउंड, हरदा में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह राणा अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों के अनुसार, भजन संध्या का शुभारंभ रात्रि 8:30 बजे से होगा। कार्यक्रम में तीन बाण के धारी, तीनों बाण चलाओ न जैसे भजनों के माध्यम से श्रद्धालु भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर होंगे। आयोजन को लेकर श्री बजरंग बाबा दुर्गा उत्सव परिवार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन से जुड़े आयुष बंसल, निटेश अग्रवाल, शुभं राजपूत, अनुज बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के बैठने के लिए अलग व्यवस्था रहेगी, जबकि सभी श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए दोनों गेट खुले रहेंगे। आयोजक परिवार ने धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भजन संध्या का आनंद लेने और मां भगवती की आराधना में सहभागी बनने की अपील की है।

रबी फसलों के बीज का पर्याप्त भंडारण

सीहोर। किसानों को आगामी रबी मौसम के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। जिलों में शासकीय एवं अन्य अधिकृत संस्थाओं के पास उपलब्ध है। किसानों की मांग एवं आवश्यकता के अनुसार बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों से आग्रह है कि वे अधिकृत विक्रय केन्द्रों एवं संबंधित सहकारी संस्थाओं से प्रमाणित बीज क्रय कर सकते हैं। बीज खरीदते समय टैग, बिल एवं बीज की वैधता जांच कर लें। किसी भी प्रकार की अनियमितता या निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बीज विक्रय होने पर संबंधित जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना दें।

पटवारियों की बैठक लेकर शासकीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

नवागत एसडीएम कार्यों को लेकर सख्त, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



हरदा में पदस्थ हुए नवागत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) शैलेन्द्र बड़ोनिया ने हंडिया तहसील में पटवारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासकीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, हीलाहवाली या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों और किसानों को अपने काम के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े। बैठक के दौरान एसडीएम बड़ोनिया ने उपस्थित पटवारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण करने, स्वामित्व योजना के कार्यों में गति लाने तथा विभिन्न राजस्व प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण को बिना उचित कारण लंबित न रखा जाए और प्रत्येक मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समय पर निराकरण किया जाए।

एसडीएम बड़ोनिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जाए और आम जनता को अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समय पर समाधान किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से न्यायालयीन प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा का पालन करने और आवश्यक प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उनका स्पष्ट संदेश था कि प्रशासनिक व्यवस्था का उद्देश्य जनता को राहत देना है।

सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

पटवारियों की समीक्षा बैठक के बाद एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने एसडीओपी ग्रामीण एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में हंडिया घाट स्थित दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

लिपिक व दो पटवारियों को नोटिस, एक का वेतन रोकने के निर्देश

हरदा। हंडिया तहसील में शासकीय कार्यों में लापरवाही और निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित नहीं होने के मामले में नवागत एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने लिपिक पवन बिरहा और पटवारी जवाहर पटेल एवं रामकिशोर अग्रवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, बैठक में उपस्थित नहीं होने के मामले में पटवारी रितेश पारे का वेतन रोकने सहित उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि एसडीएम श्री बड़ोनिया पूर्व में ही अधिकारियों और कर्मचारियों को शासकीय कार्यों का समय-सीमा में जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दे चुके हैं। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर अधिकारियों की निगरानी रहेगी।

हितग्राहियों को मिले हितलाभ, आमजन की समस्याओं का किया गया निराकरण

सिराली में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को सिराली के गुर्जर छात्रावास भवन में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये गये। साथ ही आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान सिराली नगर परिषद अध्यक्ष अनीता कैलाश चंद्र अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष सचिन श्याम बूचा, पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

क्लस्टर स्तरीय जन विश्वास शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग की स्कूटी वितरण योजना के तहत 2 मेधावी छात्रों को स्कूटी, पीएम स्वनिधि योजना के तहत 9 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 3 बालिकाओं को प्रमाण-पत्र, राजस्व विभाग अंतर्गत स्वामित्व योजना के तहत 7 हितग्राहियों को रजिस्ट्री, आवासीय पट्टा योजना के तहत 10 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, 1 हितग्राही को अभिलेख दुरूस्ती आदेश, 1 हितग्राही को नामांतरण आदेश व 1 हितग्राही को बंटवारा आदेश प्रदान किया गया। क्लस्टर स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल भी लगाये गये थे। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व शिविर भी आयोजित किये गये थे।

हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव

जन विश्वास कार्यक्रम में उद्योग विभाग द्वारा उद्यम संवाद कार्यक्रम के तहत उद्यमियों से संवाद किया गया। उद्यम संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत हितग्राही राजेश कुशवाह ने एमपी ऑनलाइन के अपने अनुभवों व योजना से प्राप्त लाभ की जानकारी को साझा किया। इस दौरान आमजन से उनकी समस्याओं के संबंध में 37 आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये गये।

संभाग स्तरीय बालरंग में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में माय किड्स एकेडमी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में साक्षी देवड़ा ने वाद-विवाद (विपक्ष) में प्रथम स्थान, अश्वी गौर ने वाद-विवाद (पक्ष) में प्रथम स्थान, खुशी पुरोहित ने वेदपाठ में द्वितीय स्थान, हर्षिता कहार ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान, वंशिका राजपूत ने कविता पाठ में द्वितीय स्थान तथा दीप्ति गुर्जर एवं अर्पित गौर ने प्रश्नमंच में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विद्युत वितरण कंपनी ने जिले में दो दिन जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



बिजली चोरी और अनियमित इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने जिले में दो दिन विशेष जांच अभियान चलाया। 15 और 16 अक्टूबर 2026 को महाप्रबंधक सुरेश कुमार के निर्देश पर 25 टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जांच की। इस दौरान बिजली चोरी और गलत उपयोग के 226 मामले सामने आए। इन मामलों में 62.35 लाख रुपए की बिलिंग की गई है। कंपनी अब संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर राशि की वसूली करेगी। अभियान के दौरान बिजली कनेक्शनों और उनके इस्तेमाल की जांच की गई। इसमें बिजली चोरी और अनियमित उपयोग के कुल 226 मामले दर्ज किए गए। कंपनी के अनुसार, ये मामले बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 126 और 135 के तहत बनाए गए हैं। इन पर कुल 62.35 लाख रुपए की बिलिंग की गई है। कंपनी प्रबंधन के मुताबिक, सभी मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे और नियमानुसार राशि की वसूली की जाएगी। बिजली चोरी रोकने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

कार्यपालन यंत्री ने किया नहरों के सफाई व मरम्मत कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेयी ने शुक्रवार को जल संसाधन संभाग हरदा के अंतर्गत माचक उपनहर एवं उसकी जात्राखेड़ी सब-माइनर में चल रहे साफ-सफाई कार्य तथा वर्षा काल में क्षतिग्रस्त नहर के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सोनतलाई उपसंभाग अंतर्गत चल रहे साफ-सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी रोहन विलियम्स एवं उपयंत्री प्रेमित कुमार पाटिल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्रीमती बाजपेयी ने अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि रबी सिंचाई प्रारंभ होने से पूर्व समस्त सफाई कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

समस्याओं के निराकरण हेतु सिंचाई प्रकोष्ठ गठित

हरदा। रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 में किसानों की सिंचाई समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जल संसाधन संभाग हरदा ने सिंचाई प्रकोष्ठ बनाया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा सोनम वाजपेयी ने अनुविभागीय अधिकारी सामरधा उपनहर उत्कर्ष पाटिल मोबाइल नम्बर 9981115847 को प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया है। प्रकोष्ठ में 24 घंटे तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसानों की शिकायतों का समय पर निराकरण हो सके। जारी आदेश अनुसार प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिये अनुविभागीय अधिकारी माचक रोहन विलियम्स व स्टोर अटेंडेंट कैलाश दोगने, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी सामरधा उपनहर उत्कर्ष पाटिल व चौकीदार धन्नालाल गोर तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक चौकीदार सफी खान की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त शासकीय अवकाश दिवसों में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिये हेल्पर राजेश मीणा, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये भृत्य पूनमचन्द केवट तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक के लिये चौकीदार गोरेलाल गुर्जर की ड्यूटी लगाई गई है।

बेरोजगारों से ठगी के मामले में कांग्रेस नेता गिरफ्तार

हरदा। सिटी कोतवाली पुलिस ने बेरोजगारों से ठगी के मामले में कांग्रेस नेता वीरेंद्र मालवीय को गिरफ्तार किया है। उन पर 3200 से ज्यादा युवाओं से करीब 10 लाख रुपए ठगने का आरोप है। शिकायतकर्ता गणेश चौहान और कंचन लोनिया ने बताया कि मालवीय ने 'ग्लोबल ह्यूमन एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन' के नाम से विज्ञापन दिए थे। इनमें बिना पलायन किए गांव या शहर में रोजगार देने का दावा किया गया था। वीरेंद्र मालवीय और उनकी पत्नी ज्योति मालवीय ने हर व्यक्ति से 290 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस ली। कुछ युवाओं से दो महीने काम भी करवाया, लेकिन वेतन नहीं दिया। संस्था के लोग अब पीड़ितों के फोन नहीं उठा रहे हैं। पीड़ितों ने पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत की थी, फिर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। संस्था ने हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, खंडवा और बुरहानपुर में काम का वादा किया था। आरोपी वीरेंद्र मालवीय का कहना है कि कंपनी वैध है और उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।



65 युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

हरदा। शुक्रवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, हरदा में आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पंजीकृत प्रशिक्षुओं को पुस्तिका, डायरी, पेन एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 165 युवा आपदा मित्र वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम हरदा शैलेन्द्र बड़ोनिया एवं प्रभारी प्राचार्य, पॉलीटेक्निक कॉलेज हरदा प्रकाश भूमरकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी जिला सेनानी इन्दल उपनारे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन कंपनी कमांडर संजय गौर, प्लाटून कमांडर रक्षा राजपूत, हवलदार दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर, वाहन चालक भारमल यादव एवं होमगार्ड व एसडीईआरएफ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को आपदा, आपदा प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005, जल आपदा, बाढ़ के कारण एवं प्रबंधन, आपदा मित्र के कर्तव्य एवं आपदा मित्र योजना के परिचय के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर चौहान ने अपने आपदा प्रबंधन के अनुभव साझा किए व युवाओं का मार्गदर्शन किया। अन्य अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया और कहा कि आपदा मित्र वालंटियर्स आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में भूमिका निभाएंगे। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों रूपों में संचालित होगा, जिससे प्रतिभागी आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

नवरात्रि के पर मां अंबे की आराधना की

गरबा उत्सव में खूब थिरकी महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭खिरकिया

नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर महिला मंडल, खिरकिया द्वारा तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे से गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। आयोजकों के अनुसार, गरबा महोत्सव का आयोजन गुर्जर छात्रावास, खिरकिया में किया जाएगा। मां दुर्गा की आराधना और नवरात्रि के उल्लास के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक सहभागिता को मजबूत करना है।

गरबा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा तैयारियां की गई हैं। आयोजन में संरक्षक नानीबाई टाले, दुर्गा खोदरे, अनुसुइया दोगने, उषा बांके, गायत्री करोड़े, निर्मला टाले एवं रामदुलारी बाई बांके शामिल हैं। महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना पटेल, उपाध्यक्ष सुनीता पाटिल एवं सुभद्रा रानवे, कोषाध्यक्ष सुनीता बंड तथा सचिव भारती गुर्जर आयोजन की व्यवस्थाओं में भूमिका निभाई। सह सचिव प्रेमवती दोगने, सांस्कृतिक सचिव सेल कुमारि पाटिल, मीडिया प्रभारी सपना मुकाती एवं सह सांस्कृतिक सचिव जयश्री रात्रे भी आयोजन से जुड़ी हैं।